Free Download Files PDF All For Visit www.gyansindhuclasses.com : Visit Please (Like, Share & Subscribe) Gyansindhu Coaching Classes YouTube Channel Hindi & Sanskrit By : - Arunesh Sir

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16

अनुक्रमांक ................................

नाम ..........................................

901 101 (RB)

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2021-22

# कक्षा -11 (साहित्यिक हिंदी)

समय : 3 घंटे 15 मिनट | [पूर्णांक -100

निर्देश : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न - पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

## खण्ड – क

खण्ड - क

1. ( क ) भारतेन्दु युग का स्थिति- काल है-

i. 1868 से 1900 ई ० तक
ii. 1938 से 1947 ई ० तक
iii. 1900 से 1918 ई ० तक
iv. 1938 से 1947 ई ० तक

( ख ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा लिखित ' मुद्राराक्षस ' किस विधा की रचना 1

i. नाटक
ii. आलोचना
iii. निबन्ध संग्रह
iv. इतिहास ग्रन्थ

( ग ) ' अष्टयाम ' के लेखक हैं –

i. गोकुलनाथ
ii. जटमल
iii. लल्लूलाल
iv. नाभादास

( घ ) निम्न में से कौन - सी बालकृष्ण भट्ट की रचना है ?

i. सौ अजान एक सुजान
ii. चिन्तामणि
iii. सप्तदीप
iv. छन्दमयी

( ङ ) हिन्दी का प्रथम मौलिक उपन्यास माना जाता है—

i. सेवासदन
ii. परीक्षा - गुरु
iii. चन्द्रकान्ता
iv. भूतनाथ

2. ( क ) रीतिकाल का समय - काल माना जाता है-

i. 1318 से 1643 ई ० तक
ii. 993 से 1318 ई ० तक
iii. 1643 से 1843 ई ० तक
iv. 1843 से आज तक

( ख ) निम्न में से कृष्णभक्ति शाखा के कवि नहीं हैं –

i. जगन्नाथ दास
ii. नाभादास — रामभक्त
iii. सूरदास
iv. कुम्भनदास



Free Download Files PDF All For Visit www.gyansindhuclasses.com Please Visit : (Like, Share & Subscribe)

Free Files Download Visit For All PDF Files Download Free Visit For All PDF www.gyansindhuclasses.com Please Visit : www.gyansindhuclasses.com (Like, Share & Subscribe) : www.gyansindhuclasses.com Please Visit : www.gyansindhuclasses.com By : - Arunesh Sir Hindi & Sanskrit YouTube Channel Gyansindhu Coaching Classes

( ग ) सुमित्रानन्दन पंत की रचना नहीं है –

i. वीणा
ii. युगाधार
iii. लोकायतन
iv. युगान्त

( घ ) ' रामलला नहछू ' के कवि हैं –

i. नन्ददास
ii. कबीरदास
iii. केशवदास
iv. तुलसीदास

( ङ ) निम्न में से मलिक मुहम्मद जायसी की रचना है-

i. आखिरी कलाम
ii. नागलीला
iii. वीरसिंह देव चरित
iv. दूषण उल्लास

3. क) गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2x5 = 10

आत्मसाक्षात्कार का मुख्य साधन योगाभ्यास है। योगाभ्यास सिखाने का प्रबन्ध राज्य नहीं कर सकता , न पाठशाला का अध्यापक ही इसका दायित्व ले सकता है। जो इस विद्या का खोजी होगा वह अपने लिए गुरु ढूँढ़ लेगा। परन्तु इतना किया जा सकता है - और यही समाज और अध्यापक का कर्त्तव्य है कि व्यक्ति के अधिकारी बनने में सहायता दी जाय , अनुकूल वातावरण उत्पन्न किया जाय।

i. उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।
ii. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
iii. आत्मसाक्षात्कार का मुख्य साधन किसे बताया गया है ?
iv. समाज और अध्यापक का क्या कर्त्तव्य है ?
v. योगाभ्यास का खोजी किसे ढूँढ़ लेगा?

अथवा

विद्या , कला , कविता , साहित्य , धन और राजत्व से भी आचरण की सभ्यता अधिक ज्योतिष्मती है । आचरण की सभ्यता को प्राप्त करके एक कंगाल आदमी राजाओं के दिलों पर भी अपना प्रभुत्व जमा सकता है । इस सभ्यता के दर्शन से कला , साहित्य और संगीत को अद्भुत सिद्धि प्राप्त होती है । राग अधिक मृदु हो जाता है ; विद्या का तीसरा शिव - नेत्र खुल जाता है ; चित्र कला का मौन राग अलापने लग जाता है ; वक्ता चुप हो जाता है ; लेखक की लेखनी थम जाती है ; मूर्ति बनाने वाले के सामने नये कपोल , नये नयन और नयी छवि का दृश्य उपस्थित हो जाता है ।

i. उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए ।
ii. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए |
iii. आचरण की सभ्यता किससे अधिक ज्योतिष्मती है ?
iv. किसके द्वारा विद्या का तीसरा शिव नेत्र खुल जाता है ?
v. कौन आचरण की सभ्यता को पाकर के राजाओं के दिलों पर राज कर सकता है ?

ख)पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 2 × 5 = 10

पाणी ही तैं हिम भया , हिम है गया बिलाइ ।
जो कुछ था सोई भया , अब कुछ कहा न जाइ ||

i. उपर्युक्त पद्यांश के शीर्षक और कवि का नाम लिखिए |
ii. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।
iii. कबीर ने पानी और बर्फ का उदाहरण देकर क्या बताया है ?
iv. जल ( ब्रह्म ) की दूसरी अवस्था कौन - सी है ?
v. जीवात्मा मोक्ष प्राप्त करके किसका रूप धारण करती है ?

अथवा

भुज भुजगेस की वै संगिनी भुजंगिनी सी ,
खेदि खेदि खाती दीह दारुन दलन के ।
बखतर पाखरन बीच धँसि जाति मीन ,
पैरि पार जात परवाह ज्यों जलन के ।
रैयाराव चंपति के छत्रसाल महाराज ,
भूषन सकै करि बखान को बलन के ।
पच्छी पर छीने ऐसे परे पर छीने वीर ,
तेरी बरछी ने बर छीने हैं खलन के ||


Gyansindhu Coaching Classes YouTube Channel Hindi & Sanskrit By : - Arunesh Sir Please Visit : www.gyansindhuclasses.com (Like, Share & Subscribe) Visit For All PDF Files Download Free

Free Files Download Visit For All PDF www.gyansindhuclasses.com Please Visit : www.gyansindhuclasses.com (Like, Share & Subscribe) Please Visit By : - Arunesh Sir Hindi & Sanskrit YouTube Channel Gyansindhu Coaching Classes

i. उपर्युक्त पद्यांश के शीर्षक और कवि का नाम बताइए।
ii. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए|
iii. छत्रसाल की भुजा और बरछी को किसके समान बताया गया है ?
iv. छत्रसाल की बरछी ने किनको बलहीन कर दिया है ?
v. उपर्युक्त पंक्तियाँ किस रस का अनुपम उदाहरण हैं ?

4. ( क ) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय देते हुए उनकी महत्त्वपूर्ण रचनाओं का उल्लेख कीजिए – 3 + 2 = 5

( शब्द सीमा अधिकतम 80 )

i. डॉ ० श्यामसुन्दर दास
ii. डॉ ० सम्पूर्णानन्द
iii. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय एवं उनकी महत्त्वपूर्ण रचनाओं का उल्लेख कीजिए – 3 + 2 = 5

( शब्द सीमा अधिकतम 80 )

i. महाकवि भूषण
ii. तुलसीदास
iii. सूरदास

5. कथानक के आधार पर ' बलिदान ' अथवा ' समय ' कहानी की समीक्षा कीजिए। ( शब्द सीमा अधिकतम 80 ) 5
अथवा ' आकाशदीप ' अथवा ' समय ' कहानी के प्रमुख पात्र की चारित्रिक विशेषताओं पर संक्षिप्त रूप प्रकाश डालिए।

6. स्वपठित नाटक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दीजिए - ( शब्द सीमा अधिकतम 80 ) 5

i. ' आन का मान ' नाटक के आधार पर औरंगजेब का चरित्र चित्रण संक्षेप में कीजिए।
अथवा ' आन का मान ' नाटक की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
ii. ' कुहासा और किरण ' नाटक में ' अमूल्य ' के चारित्रिक वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालिए|

अथवा ' कुहासा और किरण ' नाटक के द्वितीय अंक की कथा का सारांश लिखिए।

iii. ' राजमुकट ' नाटक के जिस पात्र ने आपको सबसे अधिक प्रभावित किया हो , उसके व्यक्तित्व का परिचय दीजिए।

अथवा ' राजमुकुट ' नाटक की कथावस्तु ( कथानक ) को संक्षेप में लिखिए।

iv. ' गरुड़ध्वज ' नाटक की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

अथवा ' गरुड़ध्वज़ ' नाटक के आधार पर नाटक की नायिका ( प्रमुख नारी पात्र ) वासन्ती का चरित्र चित्रण कीजिए।

v. ' सूत - पुत्र ' नाटक के प्रमुख पुरुष पात्र ( नायक ) कर्ण का चरित्र चित्रण कीजिए।

अथवा ' सूत - पुत्र ' नाटक के अन्तिम ( चतुर्थ ) अंक की कथा संक्षेप में लिखिए।

## खण्ड - ख

7. ( क ) निम्नलिखित संस्कृत - गद्यांशों में से किसी एक का ससंदर्भ हिन्दी अनुवाद कीजिए - 2 + 5 = 7

8. क) अयं पर्वतराज : भारतवर्षस्य उत्तरसीम्नि स्थित: तत् प्रहरीव शत्रुभ्य सततं रक्षति | हिमालयादेव समुद्गम्य गङ्गा - सिन्धु - ब्रह्मपुत्राख्य महानद्य: शतद्रु - विपाशा - यमुना- सरयू - गण्डकी - नारायणी कौशिकीप्रभृतय: नद्यश्च समस्तामपि उत्तरभारतभुवं स्वकीयै तीर्थोदकै: न केवलं पुनन्ति अपितु इमां शस्यश्यामलामपि कुर्वन्ति।

अथवा

ख) राष्ट्रभाषा - हिन्दी - प्रचारे संलग्नं हिन्दीसाहित्यसम्मेलनम् स्थितम्। अत्रैव च अनेकसहस्रसङ्ख्यै: देशविदेशविद्यार्थिभि परिवृत: विविधविद्यापारङ्गतै: विद्वद्वरेण्यै: उपशोभित: प्रयागविश्वविद्यालय भरद्वाजस्य प्राचीन गुरु - कुलस्य नवीन रूपमिचं शोभते। स्वतन्त्रेऽस्मिन् भारते प्रत्येक नागरिकाण न्यायप्राप्तेरधिकार घोषणामिव कुर्वन् उच्चन्यायालय: अस्य नगरस्या प्रतिष्ठां वर्द्धयति।

( ख ) निम्नलिखित संस्कृत पद्यांशों में से किसी एक का ससंदर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए 2 + 5 = 7



Free Files Download Visit For All PDF www.gyansindhuclasses.com Please Visit : www.gyansindhuclasses.com (Like, Share & Subscribe) Gyansindhu Coaching Classes YouTube Channel Hindi & Sanskrit By : - Arunesh Sir

सह नाववतु सह नौ भुनक्तु , सह वीर्यं करवावहै ।
तेजस्वि नावधीतमस्तु मा विद्विषावहै ।
अथवा
कालिदासगिरां सारं कालिदासः सरस्वती ।
चतुर्मुखोऽथवा ब्रह्मा विदुर्नान्ये तु मादृशाः ॥

9. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए –
   i. पुरुरवस्य राजधानी का आसीत् ?
   ii. विद्या केन रक्ष्यते ?
   iii. आत्मा अमरः इति कस्योपदेशः अस्ति ?
   iv. व्यासस्य पूर्ण नाम किम् आसीत ?

10.( क ) ' रौद्र रस ' अथवा ' करुण रस ' का स्थायी भाव के साथ परिभाषा या उदाहरण दीजिए । 1 + 1 = 2
( ख ) 'श्लेष' अथवा 'उपमा ' अलंकार की परिभाषा या उदाहरण दीजिए । 1 + 1 = 2
( ग ) ' सोरठा ' अथवा ' कुण्डलिया ' छन्द की मात्राओं के साथ उदाहरण या परिभाषा दीजिए | 1 + 1 = 2

11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा लिखिए – शैली में निबन्ध 2 + 7 = 9
   i. साहित्य और समाज
   ii. पर्यावरण प्रदूषण की समस्या एवं समाधान
   iii. भारत में बेरोजगारी की समस्या
   iv. दैव - दैव आलसी पुकारा
   v. संक्रामक रोग का कारक : कोरोना वायरस

12.( क ) ( i ) ' लब्धम् ' का संधि - विच्छेद है –
   a. लब + धम्
   b. लप् + धम्
   c. लभ् + धम्
   d. लब्ध + अम्
( ii ) ' उज्ज्वल ' का सही संधि विच्छेद है –
   a. उद् + ज्वल
   b. उत् + ज्वल



Gyansindhu Coaching Classes YouTube Channel Hindi & Sanskrit By : - Arunesh Sir Please Visit : www.gyansindhuclasses.com (Like, Share & Subscribe) Visit For All PDF Files Download Free

Free Download Files PDF All For Visit www.gyansindhuclasses.com : (Like, Share & Subscribe) Please Visit : Arunesh Sir - : By Sanskrit & Hindi Channel YouTube Classes Coaching Gyansindhu

Gyansindhu Coaching Classes YouTube Channel Hindi & Sanskrit By : - Arunesh Sir Please Visit : www.gyansindhuclasses.com (Like, Share & Subscribe) : www.gyansindhuclasses.com Visit For All PDF Files Download Free

c. उज् + ज्वल

d. उ : + ज्वल

( iii ) ' तच्चौर : ' का संधि - विच्छेद है –

a. तत् + चौरः

b. त + चौर :

c. तच् + चौर :

d. त + च्चौर :

(iv) ' महापुरुष:' में समास है -

a. कर्मधारय समास

b. द्विगु समास

c. द्वन्द्व समास

d. अव्ययीभाव समास

( v ) ' अनुदिनम् ' में समास है—

a. तत्पुरुष समास

b. कर्मधारय समास

c. अव्ययीभाव समास

d. द्विगु समास

13.क ) ' तिष्ठन्ति ' अथवा ' ददति ' किस धातु , लकार , पुरुष तथा वचन का रूप है ?

ख)( i ) ‘ आत्मनो: ’ रूप है ' आत्मन् ' शब्द का - 1

a. प्रथमा , बहुवचन

b. सप्तमी , द्विवचन

c. चतुर्थी , एकवचन

d. षष्ठी , एकवचन

( ii ) ' नाम्नः ' रूप है ' नामन् ' शब्द का –

a. चतुर्थी , एकवचन 1

b. पञ्चमी , एकवचन

c. सप्तमी , एकवचन

d. द्वितीया , द्विवचन

( ग ) ( i ) 'श्रीमती' शब्द में प्रत्यय है –

a. मतुम्

b. क्त्वा

Gyansindhu Coaching Classes YouTube Channel Hindi & Sanskrit By : - Arunesh Sir Please Visit : www.gyansindhuclasses.com (Like, Share & Subscribe) : www.gyansindhuclasses.com Visit For All PDF Files Download Free

c. त्व

d. त्व

घ ' श्रुत : ' शब्द में प्रत्यय है

a. क्त

b. क्त्वा

c. मतुप्

d. ल्यप्

ग. निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए

i. भगवान् श्रीकृष्ण योगेश्वर थे।

ii. राम कल विद्यालय गया ।

iii. वृक्ष से पत्ते गिरते हैं |

iv. गाँव के चारों ओर खेत हैं।

( घ ) रेखांकित पदों में से किसी एक पद में प्रयुक्त विभक्ति तथा उससे सम्बन्धित नियम का उल्लेख कीजिए 1 + 1 = 2

i. <u>ग्रामं</u> परितः उपवनानि सन्ति।

ii. सः <u>शिरसा</u> खल्वाटः अस्ति।

iii. <u>हनुमते</u> नमः | 1

हमारी वेबसाईट पर और ढेर सारा पीडीऍफ़ मटेरियल प्राप्त करें –

https://gyansindhuclasses.com/category/up-board-10th/

**********

Gyansindhu Coaching Classes

**Model Paper Prepared By :**

**Arunesh Sir**


Gyansindhu Coaching Classes YouTube Channel Hindi & Sanskrit By : - Arunesh Sir Please Visit : www.gyansindhuclasses.com (Like, Share & Subscribe) : www.gyansindhuclasses.com Visit For All PDF Files Download Free

**चैनल लिंक –**

https://www.youtube.com/channel/UCBEWNQ637WdCBl6S4KClzZQ

**वेबसाइट लिंक** – https://gyansindhuclasses.com/

**फेसबुक पेज लिंक** – https://www.facebook.com/Gyansindhu-Coaching-Classes-172631304514334/